Naidunia (Indore), 07th August 2025, Naidunia City, Page- I

### आइआइटी में शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू

# समस्याओं के समाधान का बनेगा प्रमुख केंद्र



कार्यक्रम में शामिल आइआइटी के प्रोफेसर एवं अन्य। ● सौजन्य

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर ने स्कूल आफ इनोवेशन के बैचलर आफ डिजाइन के नए बैच के शैक्षणिक कार्यक्रम की शुरुआत की। अध्यक्षता ग्रासरूट इनोवेशन के विद्वान और आइआइएम अहमदाबाद के पूर्व प्रोफेसर अनिल कुमार गुप्ता ने की।

प्रोफेसर गुप्ता ने अपशिष्ट न्यूनीकरण, फ्रूगल इंजीनियरिंग, डीप टेक्नोलाजी और सतत विकास जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल आफ इनोवेशन में वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान का एक केंद्र बनेगा।

वहीं आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास एस जोशी ने कहा कि स्कूल आफ इनोवेशन एक ऐसा स्थान है जहां विचारों को प्रभावशाली समाधानों में विकसित किया जाएगा और नवाचार सामाजिक परिवर्तन को गति दी जाएगी। बैचलर आफ डिजाइन कार्यक्रम प्रो. कीर्ति त्रिवेदी के मार्गदर्शन में तैयार हुआ है। इस चार वर्षीय पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को शहरी प्रणाली नवाचार, शैक्षिक प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां और सतत ऊर्जा प्रणालियों में विशेषज्ञता मिलेगी।